Title Code : RAJHIN27802
# वागड़ संदेश
जन मन की आवाज
www.wagadsandesh.com
सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818
वर्ष-2 अंक-197 सागवाड़ा, रविवार, 19 फरवरी, 2023 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# गहलोत की घोषणाएँ बदल पाएंगी वागड़ की राजनैतिक हवा ?

## बड़ा सवाल - डूंगरपुर ज़िले में आदिवासी वोट बैंक को साधने में क़ामयाब हो पाएगी कांग्रेस पार्टी ?

चंद्रेश व्यास

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा ज़िले को संभागीय मुख्यालय बनाने की घोषणा को कांग्रेस पार्टी वागड़ में गेम चेंजर घोषणा के रूप में देख रही है। बताया जा रहा है कि इस घोषणा के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने TSP क्षेत्र की क़रीब 25 सीटों पर प्रभाव डाला है।

सलूम्बर को जिला बना दिया गया है साथ ही आसपुर और सीमलवाड़ा को नगरपालिका क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा ओबरी सरोदा और पाड़वा के लिए हुई घोषणाएँ कांग्रेस पार्टी को और मज़बूत करेंगे ऐसा माना जा रहा है। हालांकि इन घोषणाओं का असर विधानसभा चुनाव में कितना होगा ये तो वक़्त ही बताएगा। लेकिन कांग्रेस दिन घोषणाओं के सहारे आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी ज़मीन तैयार करने में जुट गई है।

वागड़ और ख़ासकर डूंगरपुर में कभी कांग्रेस का एक छत्र राज हुआ करता था। धीरे धीरे यहाँ भारतीय जनता पार्टी ने अपने पैर पसारना शुरू किये और आज की तारीख़ में एक मज़बूत पार्टी हो कर उभरी है। इसके बाद यहाँ आदिवासी समाज की अलग राजनीति शुरू हुई और BTP के रूप में पहले ही चुनाव में सागवाडा और चौरासी क्षेत्र में अपना दबदबा क़ायम किया। पंचायतीराज चुनाव पर नज़र डालें तो इस तीसरे दल की डूंगरपुर की राजनीति में पकड़ मज़बूत होती गई।

### आदिवासी युथ पर कमज़ोर होती पकड़

चाहे कांग्रेस की बात करें या भारतीय जनता पार्टी की। दोनों ही दल आदिवासी युवाओं के बीच अपनी पकड़ कमज़ोर चुके हैं। राजकुमार रोक जैसे अपने युवा विधायक के आदिवासी युवा पूर्ण रूप से जुड़ चुका है। डूंगरपुर ज़िले के सबसे बड़े SBP कॉलेज की बात करें या फिर सागवाडा कॉलेज की बात करें। दोनों जगह आये चुनाव परिणाम ने भाजपा और कांग्रेस को अपने हैसियत बता दी है।

### कांग्रेस गहलोत की घोषणाओं के भरोसे और भाजपा मोदी के

दोनों ही बड़ी पार्टियों की बात करें तो ऐसा कोई बड़ा चेहरा नहीं है जो अपने दम पर चुनाव जीत सके या पार्टी को जीत दिला सके। कांग्रेस के नेताओं को लगता है कि गहलोत की जन कल्याणकारी घोषणाएँ उससे वोट दिला देंगे। वहीं भाजपा के नेता यह आस लगाए बैठे हैं कि मोदी और योगी की सभाओं से वोट मिल जाएंगे। जबकि तीसरा दल अंदर ही अंदर आदिवासी समाज के बीच जो TSP क्षेत्र सबसे बड़ा वोट बैंक है में अपनी जड़ें मज़बूत करने में जुटा हुआ है।

# ओबरी, पाड़वा व सरोदा के ग्रामीणों ने किया खोड़निया का अभिनन्दन



**सागवाड़ा।** बजट में ओबरी को तहसील तथा सरोदा एवं पाड़वा को उप तहसील बनाए जाने पर ग्रामीणों ने पूर्व राज्य मंत्री दिनेश खोड़निया का स्वागत किया। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ललित पंचाल, ब्लॉक अध्यक्ष धीरज मेहता, हीरालाल पटेल, गौतमलाल पंड्या, कचरूलाल चौधरी उदयपुर, गौतम ज्ञानपुर, सुरेश पाटीदार, सरोदा सरपंच पन्नालाल डोडियार ने खोड़निया का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी गांव ने जो भी मांगा उसे कांग्रेस सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुरा किया है । सरोदा के हेमेंद्र उपाध्याय ने कहा कि दिनेश खोड़निया से जो भी मांग वह दिया है लेकिन सागवाड़ा को जिला बनाने की मांग अभी भी अधुरी है।

उन्होंने बेणेश्वरधाम को वागड़ में ही रखने का आग्रह किया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष खोड़निया ने कहा कि कांग्रेस के प्रति आस्था का परिणाम है कि आज सभी के चेहरे चमक रहे हैं। पाडवा और सरोदा को उप तहसील बनाए जाने से दोनों की लड़ाई अब समाप्त हुई है तथा दोनों की बातों को सुना गया तथा दोनों को लाभ हुआ। उन्होंने कहा कि लाभ लेने में ओबरी भी पीछे नहीं रहा।



खोड़निया ने कहा कि अगला विधायक कांग्रेस का जीता तो अगली बार ओबरी, पाड़वा व सरोदा को पंचायत समिति मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोकापुर-पुनाली सडक़ का निर्माण, सागवाड़ा महिपाल खेल मैदान के लिए 25 करोड़ का खेल मैदान जहां स्टेडियम बनाया जाएगा तथा युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढने् का अवसर प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि किसी ग्राम पंचायत के पास बड़ा तालाब बनाने के लिए जमीन है तो तो 15 दिन में प्रस्ताव लाए। तालाब निर्माण पर जितना भी खर्च आएगा मुहैया कराया जाएगा।

# महिला महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया

**सागवाड़ा।** महिला महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया। अध्यक्षता प्राचार्य दीपिका दोसी ने की। मुख्य अतिथि ज्योति भट्ट थी। विशिष्ट अतिथि अक्षय दर्जी थे।

काजल पंचाल, हेनल कलाल, जिनल यादव, रिया भाटिया, नेहा वैरागी, विन्नी जैन ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही निकिता एवं दल रेणुका एवं दल, कशिश एवं दल ने सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किए। छाया पाटीदार ने गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने छात्राओं को संबोधित किया। इस दौरान वासुदेव बलाई, मोहन डेण्डोर, कृष्णकान्त भोई, भूपेश सेवक, तपेश पंड्या, प्रेमसिंह चौहान, जिज्ञासा व्यास, संगीता पंड्या, कर्मय श्रीमाली, प्रदीप जोशी, विनित भाटिया मौजूद रहे। संचालन गुलशन पंडया एवं निधि पाटीदार ने किया। आभार हार्दिक पंडया ने व्यक्त किया।



सागवाड़ा। वार्षिकोत्सव में भाग लेती महिला महाविद्यालय की छात्राएं।

# सागवाडा में विप्र महाकुंभ 26 को, तैयारियों को लेकर गाँव गाँव हो रही बैठकें



**सागवाडा।** 26 मार्च को सागवाडा में आयोजित होने वाले विप्र महाकुंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गलियाकोट रोड स्थित गायत्री शक्ति पीठ के सामने कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले विप्र महाकुंभ की तैयारियों को लेकर मेवाड़ और वागड़ के विभिन्न गांवों में प्रचार अभियान जोरों पर है। गाँव गाँव बैठकें आयोजित कर अधिक से अधिक संख्या में इस महाकुंभ पहुँचने का आग्रह किया जा रहा है। विप्र फाउण्डेशन और सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सागवाडा में विप्र महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में वागड़ और मेवाडा क्षेत्र के 11 ज़िलों से 25 हज़ार ब्राह्मणों के आने की संभावना बतायी जा रही है।

# हिन्दू नववर्ष मनाने और भव्य शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर जारी


# स्वागत समिति के पदाधिकारी ले रहे समाजों की बैठक, शोभायात्रा 23 मार्च को निकलेगी

**सागवाड़ा।** हिन्दू नववर्ष को लेकर बुधवार को नववर्ष मनाने तथा गुरुवार को भव्य शोभायात्रा को लेकर नववर्ष स्वागत समिति के पदाधिकारी विभिन्न समाजों की बैठक कर रहे हैं। समिति के संरक्षक उमाकांत व्यास, अध्यक्ष जयंतीलाल मोची के मार्गदर्शन में विभिन्न सामजों के साथ बैठक की जा रही हैं। उप संयोजक श्याम भट्ट ने बताया कि समिति ने प्रजापत समाज, माली, सुथार, परमार पाटीदार समाज, भावासार, दर्जी, सोमपुरा, डबगर, पंचाल, सेवक,



नेमा महाजन, राजभोई एवं भाटिया समाज की बैठक लेकर नववर्ष निमित समाज की झांकी निकालने, पहनावे में पुरुषों के लिए धोती कुर्ता एवं माता व बहनों के लिए लाल एवं केसरिया रंग की साड़ी तथा समाज का स्वागत द्वार लगाने का आग्रह किया। नववर्ष के दिन घरों में डेकोरेशन कराने, रंगोली सजाने एवं घी और तेल के दीपक जलाकर मंदिरों पर घंटी, ढोल नगाड़ों, थाली एवं शंख से शंखनाद करते हुए नववर्ष का स्वागत करने की बात कही। नेमा समाज के अध्यक्ष रामकृष्ण वाडेल ने समिति को तन, मन, धन एवं सेवा के माध्यम से समाज की पूर्ण भागीदारी निभाने आश्वस्त किया।


शोभायात्रा के दिन मांडवी चौक पर समाज की ओर से शीतल पेय (शर्बत) पिलाने की घोषणा की। बैठकों में मंगलेश वाड़ेल, हरीशचन्द्र सोमपुरा, कन्हैयालाल भाटिया, नानुलाल पटेल पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान कर रहे हैं।




# खेतों में काम कर रहे किसान पर गिरी आकाशीय बिजली

**डूंगरपुर।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के लांबा भाटड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। किसान खेतों में काम कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शनिवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लांबा भाटडा निवासी थावरचंद मेणात ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में उसने बताया कि शुक्रवार शाम के समय उसका भाई प्रकाशचंद्र मेणात खेतों में गेहूं की फसल को इकट्ठा कर रहा था। उसी समय तेज हवाओं और बादलों की गर्जना के साथ ही अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से उसका सीना गंभीर रूप से झुलस गया। इस पर खेतों में काम कर रहे दूसरे लोग दौड़कर आए। घायल प्रकाशचंद्र को बिछीवाड़ा अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस पर उसे डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद प्रकाशचंद्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। घटना की जानकारी लेने के बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

ज़ील हार्ट सेन्टर
H-2023-1110
ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL
आपको किसके दिल की सबसे ज्यादा फिक्र रहती है?
अधिकतम देशों के मुकाबले भारत एक ऐसा देश है जहां हृदय रोग सबसे ज्यादा होता है।
वागड़ क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक एवं उच्च श्रेणी वाली कैथलेब द्वारा हम रखते है
आपके दिल का खास ख्याल



डॉ. विकास पुरोहित
हृदय रोग विशेषज्ञ
ज़ील हॉस्पिटल, सागवाडा
☑ वागड़ क्षेत्र का पहला मल्टी सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल
☑ वागड़ क्षेत्र का एकमात्र NABH प्रमाणित हॉस्पिटल
☑ प्रशिक्षित एवं अनुभवी डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ की टीम
☑ सबसे कम दरों पर बेहतर ईलाज

"वागड़ में पहली बार-ज़ील हॉस्पिटल में हार्ट की तरह हाथ की नस की हुई एंजियोप्लास्टी
77 वर्षीय बुज़ुर्ग की बाएँ हाथ की नस साल भर से ब्लाक थी, स्टेंट डालकर खोला गया

ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा की स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होता जा रहा है। ज़ील हॉस्पिटल के कार्डियक विभाग की ओर से हार्ट की तरह हाथ की बंद नस की एंजियोप्लास्टी कर मरीज़ को राहत दी गई। ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विकास पुरोहित ने बताया कि सागवाडा शहर के 77 वर्षीय बुज़ुर्ग की बाये हाथ की नस साल भर से ब्लाक थी। मरीज़ के हाथ ने काम करना बंद कर दिया था। क़रीब एक साल पहले जब वो मुंबई गये थे उस दौरान उनके बाएँ हाथ में झटका आया था। उसके बाद उन्होंने हाथ की नसों की जाँच कराई तो पता चला की नस ब्लॉक है। हाथ की नस ब्लॉक होने से उन्हें दर्द होने से काफी तक़लीफ हो रही थी। मरीज़ को जब ज़ील हॉस्पिटल में लाया गया। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विकास पुरोहित और उनकी टीम ने हाथ की पेरिफेरल एंजियोप्लास्टी की। बाएँ हाथ की ब्लॉक नस में स्टेंट डालकर रक्त प्रवाह को शुरू किया गया। मरीज़ को दर्द से भी राहत है इसके अलावा हाथ ने भी सुचारु काम करना शुरू कर दिया है।

"नसों में थक्का अथवा कोलेस्ट्राल जमने से खून की सप्लाई प्रभावित होती है। नसें भी सिकुड़ जाती हैं। इससे चलने व कुछ काम करने के दौरान दर्द होता है। कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। यही लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ सकती है। समय पर इलाज नहीं कराने से खून की नस पूरी तरह ब्लॉक हो जाती है और खून की सप्लाई नहीं होती। इससे गैंगरीन का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की तरह कैथेटर से नसों की एंजियोप्लास्टी की जा सकती है। ज़ील हॉस्पिटल में भी ऐसी एंजियोप्लास्टी कर मरीज़ को राहत दी गई"।

चिरंजीवी योजना के तहत निःशुल्क सुविधा
RGHS योजना के तहत निःशुल्क परामर्श निःशुल्क दवाईयां निःशुल्क भर्ती

ज़ील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल
रुद्रप्रयाग, सागवाड़ा - 314025, जिला - डूंगरपुर (राजस्थान)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे: 9351230476
ईमरजेंसी नम्बर 9462996299
treatment@zeelhospital.com